


## रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर ने शेयर की विराट कोहली की तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनिया के धुरंधर बल्लेबाजों में शुमार विराट कोहली आईपीएल के अगले सीजन की तैयारियों में जुटे हैं। टीम इंडिया के कैप्टन विराट कोहली रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर का नेतृत्व करते नजर आएंगे। उनकी एक तस्वीर टीम ने शनिवार को सोशस मीडिया पर शेयर की। तस्वीर में विराट अपना हाथ उठाकर मसल्स दिखाते नजर आ रहे हैं। टीम ने कैप्शन में लिखा, आईपीएल में पंच लगाने को तैयार, लेकिन स्माइल के साथ। इस फोटो पर विराट के फैंस ने काफी कॉमेंट किए हैं। ज्यादातर ने उनकी मुस्कुराहट को पसंद किया।
भारत में लगातार बढ़ते कोरोना वायरस के मामलों को देखते हुए आईपीएल का 13वां सीजन यूएई में खेला जाएगा। सीजन का पहला मैच मौजूदा चौंपियन मुंबई इंडियंस और चेन्नै सुपरकिंग्स के बीच होना है। आरसीबी टीम अपना पहला मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 21 सितंबर को खेलेगी।

# अली खान बने आईपीएल में शामिल होने वाले यूएसए के पहले खिलाड़ी

**क्रिकेट**

### बीसीसीआइ की मेडिकल टीम से भी दीपक चाहर को मिल चुका है क्लीयरेंस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स ने 29 साल के तेज गेंदबाज अमेरिकी तेज गेंदबाज अली खान को हैरी गर्नी के स्थान पर टीम में शामिल किया है। इंग्लैंड के गर्नी कंधे की चोट की वजह से आईपीएल से बाहर हो गए हैं। इसी की वजह से वह पिछले महीने इंग्लैंड की विटालिटी ब्लास्ट में भी नहीं खेले थे। खान आईपीएल में शामिल होने वाले पहले अमेरिकी खिलाड़ी बन गए हैं।

अली ने सीपीएल 2020 में त्रिनबागो नाइट राइडर्स का प्रतिनिधित्व किया था। गौरतलब है कि इस साल कैरेबियन प्रीमियर लीग का खिताब जीतने वाली TKR और केकेआर की मालिकाना कंपनी एक ही है। सिने सुपर स्टार शाहरुख खान दोनों कंपनी के मालिक हैं। त्रिनबागो ने सीपीएल में सभी 12 मैच जीतकर खिताब पर कब्जा किया। शाहरुख ने तस्वीरें पोस्ट




कर अपनी इस टीम की जीत पर खुशी जाहिर की थी। अली खान ने त्रिनबागो और चेन्नै सुपर किंग्स के ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो के साथ प्लेन के भीतर से एक फोटो साझा किया जिसका कैप्शन था, अगला स्टॉप दुबई। खान सीपीएल के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शामिल रहे। बीते तीन साल में उन्होंने दुनियाभर की टी20 लीग में क्रिकेट खेला है। वह केकेआर के स्टैंडबाय रेडार पर बीते साल भी थी। इस साल सीपीएल में उन्होंने आठ मैचों में 7.43 के इकॉनमी से आठ विकेट लिए। पाकिस्तानी पंजाब के अटक में पैदा हुए अली 18 साल की उम्र में अपने माता–पिता के साथ यूएसए चले गए थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वह USA का ही प्रतिनिधित्व करते हैं। खान की खासियत उनकी तेजी है। वह 140 किलोमीटर से तेज रफ्तार से गेंदबाजी कर सकते हैं। वह अकसर पारी के अंत में गेंदबाजी करते हैं। खान की यॉर्कर को काफी अच्छा माना जाता है।

संयोग की बात है कि राजस्थान रॉयल्स के पूर्व तेज गेंदबाज रस्टी थेरॉन, जो अब अमेरिका के लिए खेलते हैं, 2011 में अब बंद हो चुकी डेक्कन चार्जर्स और 2010 में किंग्स इलेवन पंजाब के लिए खेले थे। थेरॉन जो 2015 में राजस्थान की टीम के लिए खेले थे 2019 में साउथ अफ्रीका से अमेरिका शिफ्ट हुए। अली की बात करें उन्हें ड्वेन ब्रावो सीपीएल में लेकर आए। ब्रावो से उनकी मुलाकात ग्लोबल टी20 कनाडा में हुई थी। अली बांग्लादेश प्रीमियर लीग और पाकिस्तान सुपर लीग में भी खेल चुके हैं।

## कोहली कभी मेरी तरह बिगड़ैल थे, टीम प्रबंधन ने साथ दिया तो बने महान खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने एक बार फिर विराट कोहली की तारीफ की है। अख्तर ने कहा है कि भारतीय कप्तान कोहली ने अपने करियर में जो तरक्की की है वह काबिले तारीफ है। अख्तर ने कहा कि अपने करियर के शुरुआती दौर में कोहली उनकी तरह श्बिगड़ैलश थे। अख्तर ने हालांकि माना कि टीम प्रबंधन ने उनका सपोर्ट किया जिसके बाद कोहली इतने बड़े खिलाड़ी बन पाए।

अख्तर ने यूट्यूब चैनल क्रिकेट बाज से बातचीत में कहा, विराट कोहली एक अलग ही स्तर पर पहुंच गए हैं। लेकिन कोहली को ब्रांड बनाने के पीछे कौन है? साल 2010, 2011 में कोहली




कहीं नहीं थे। वह मेरी तरह बिगड़ैल थे। अचानक सिस्टम ने उसे सपोर्ट किया। टीम प्रबंधनआगे आया। कोहली को भी अहसास हुआ कि उनकी छवि और रेकॉर्ड दांव पर हैं।

अख्तर ने कोहली की तुलना सचिन तेंडुलकर से भी की। अख्तर ने माना कि कोहली फिलहाल तेंडुलकर के मुकाबले आसान दौर में क्रिकेट खेल रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इससे कोहली की उपलब्धियां कम नहीं हो जातीं। कोहली भारत के लिए सचिन तेंडुलकर के बाद वनडे इंटरनैशनल रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। शतकों के मामले में भी वह सचिन के बाद दूसरे पायदान पर हैं। वहीं टी20 इंटरनैशनल करियर में कोहली दुनिया के सबसे ज्यादा रन बनान वाले खिलाड़ी हैं। कोहली के नाम 2794 टी20 इंटरनैशनल रन हैं। अख्तर ने कहा, श्अगर वह आसान दौर में क्रिकेट खेल रहे हैं तो इसमें उनकी कोई गलती नहीं है। सचिन या वसीम, वकार या इंजमाम ने अधिक प्रतिस्पर्धी दौर में खेला। तो अगर कोहली रन बना रहे हैं तो इसमें हम क्या कर सकते हैं।

अख्तर ने उस सवाल का भी जवाब दिया जिसमें उनके हमेशा भारत की तारीफ करने का आरोप लगाया जाता है।

## सचिन तेंडुलकर के नाम का गलत इस्तेमाल हो रहा है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। क्रिकेट इम्प्रूवमेंट कमिटी के चेयरमैन लालचंद राजपूत ने मुंबई क्रिकेट असोसिएशन के अध्यक्ष विजय पाटील से शिकायत की है। राजपूत ने कहा कि कुछ खास लोग महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर के नाम का गलत इस्तेमाल कर उनकी कमिटी को मुंबई के सिलेक्टर और कोचों के नाम की सिफारिश कर रहे हैं। राजपूत और सीआईसी में उनके साथी राजू कुलकर्णी और समीर दीघे ने मुंबई के कई आयु–वर्ग के टीमों के लिए 24 कोचों का इंटरव्यू किया। यह इंटरव्यू बुधवार और गुरुवार को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स पर किया गया। संभावित सिलेक्टर्स के इंटरव्यू शनिवार को किए जाने हैं। इसमें लिखा है, हम सचिन तेंडुलकर का सम्मान करते हैं, लेकिन उनका नाम कहीं भी इस्तेमाल कर हम पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। कहा जा रहा है कि उन्होंने नाम की सिफारिश की है। अगर सचिन को कोई सुझाव देना है तो वह अध्यक्ष या सीआईआई से सीधा बात कर सकते हैं चूंकि हम सब उन्हें अच्छी तरह जानते हैं।

## न्यूज डायरी




### जडेजा को मस्ती करते देख शांति से खड़े नजर आए महेंद्र सिंह धोनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तीन बार की आईपीएल चौंपियन टीम चेन्नै सुपर किंग्स 13वें सीजन के लिए कड़ी तैयारियां कर रही हैं। टीम के 13 सदस्यों के कोरोना पॉजिटिव आने के बाद चेन्नै ने देर से प्रैक्टिस शुरू की लेकिन अब खिलाड़ी लय में नजर आ रहे हैं। चेन्नै टीम ने शनिवार को एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के अलावा ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा नजर आ रहे हैं। उनके अलावा कोच स्टीफन फ्लेमिंग भी साथ में खड़े हैं। इस तस्वीर में दिख रहा है कि रविंद्र जडेजा कुछ मस्ती के मूड में हैं। उन्हें कप्तान धोनी शांति से देख रहे हैं। वहीं, कोच फ्लेमिंग भी उनके अंदाज को देखकर हंस रहे हैं। धोनी की कप्तानी में चेन्नै टीम ने तीन बार आईपीएल की चमचमाती ट्रॉफी अपने नाम की है। भारत में लगातार बढ़ते कोरोना वायरस के मामलों को देखते हुए आईपीएल का 13वां सीजन यूएई में खेला जाएगा। सीजन का पहला मैच मौजूदा चौंपियन मुंबई इंडियंस और चेन्नै सुपरकिंग्स के बीच होना है।

### हेजल कीच ने की घर आने की फरमाइश, पूरी करने को राजी हो गए युवराज सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहते हैं। उन्होंने हाल में संन्यास से वापसी का ऐलान कर सभी को चौंका दिया था। वह अपनी घरेलू टीम पंजाब में एक खिलाड़ी और मेंटॉर के तौर पर जुड़ना चाहते हैं जिसकी मंजूरी के लिए उन्होंने बीसीसीआई अध्यक्ष और पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली को पत्र भी लिखा है। सिक्सर किंग्स के नाम से मशहूर युवराज अपनी पत्नी बॉलिवुड एक्ट्रेस हेजल कीच के साथ सोशल मीडिया पर कई बार तस्वीरें शेयर करते हैं। अब हेजल ने एक फरमाइश की जिसे पूरी करने के लिए युवराज तुरंत तैयार भी हो गए। करियर में 40 टेस्ट, 304 वनडे और 58 टी20 इंटरनैशनल मैच खेलने वाले युवराज सिंह को टैग करते हुए हेजल ने एक तस्वीर पोस्ट की। उस पर कैप्शन में लिखा, श्मैं जानती हूं कि आप एक बिजी मैन हो, क्या आप मेरे लिए घर आ सकते हो। मैं आपको मिस कर रही हूं।

### ज्वोनारेवा, सीजेमंड बनीं महिला युगल चौंपियन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। रूस की वेराज्वोनारेवा और लौरा सीजेमंड ने यूएस ओपन महिला युगल खिताब जीत लिया। कोरोना वायरस महामारी के बीच खेले गए फाइनल में दोनों ने तीसरी वरीयता प्राप्त शू यिफान और निकोल मेलिचार को लगातार सेटों में 6–4, 6–4 से शिकस्त दी। 36 साल की ज्वोनारेवा इससे पहले 2006 में नताली डेची के साथ भी यूएस ओपन महिला युगल चौंपियन बनी थीं, जबकि 2010 में वह एकल में उपविजेता रही थीं। ज्वोनारेवा और सीजेमंड को जीत के तौर पर चार लाख डॉलर मिले। दोनों ने टूर्नामेंट से ठीक पहले ही साथ खेलने का फैसला लिया था और उन्हें कोई वरीयता भी नहीं मिली थी। 2006 में महिला युगल चौंपियन रहीं ज्वोनारेवा के कंधे की सर्जरी भी हो चुकी है। उन्होंने इस बीच एक एक बेटी को भी जन्म दिया। वह 2012 की ऑस्ट्रेलियन ओपन महिलाओं की युगल चौंपियनशिप भी जीत चुकी हैं।

### टस्कन ग्रां प्री के दोनों अभ्यास में बोटास ने सबसे तेज समय निकाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुगेलो (इटली)। मर्सिडीज के ड्राइवर वालटेरी बोटास ने टस्कन ग्रां प्री के लिए दूसरे प्रैक्टिस सेशन में शुक्रवार को सबसे तेज समय निकालते हुए अपनी ही टीम के मौजूदा चौंपियन लुइस हैमिल्टन का पछाड़ा। वह पहले अभ्यास में भी टॉप पर थे। बोटास ने चौंपियनशीप में शीर्ष पर काबिज हैमिल्टन से .207 सेंकड कम समय लिया। रेडबुल के मैक्स मैक्स वर्सटापेन तीसरे और टीम के उनके साथी अलेक्जेंडर अलबोन चौथे स्थान पर रहे। इस सत्र की नौंवी फार्मूयुला रेस में पहली बार प्रशंसक मौजूद थे। 3000 दर्शकों को तीन स्टैंड में बांटा हुआ था। इससे पहले बोटास शुरुआती अभ्यास में रेड बुल के मैक्स वर्सटापेन से .048 सेकंड तेज रहे। फेरारी के ड्राइवर चार्लस लेकर्क तीसरे स्थान पर रहे। दूसरे अभ्यास में वह 10वें स्थान पर रहे।